मध्यप्रदेश विधान सभा

जून--अगस्त, 1990 सत्र

# दैनिक कार्य सूची

## सोमवार, दिनांक 16 जुलाई, 1990 (आषाढ़ 25, 1912)

समय 10.30 बजे दिन

## 1. निधन का उल्लेख

श्री प्रीतराम कुर्रे, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा के निधन का उल्लेख.

## 2. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

## 3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री शैलेन्द्र प्रधान/पुष्पराज सिंह/रविन्द्र चौबे, सदस्य, भोपाल के एम. ए. सी. टी. कालेज में अव्यवस्था एवं छात्रों पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किये जाने की घटना की ओर मुख्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) सर्वश्री धनेश पटिला / लक्ष्मण जयदेव सतपथी, सदस्य, रायपुर जिले के सरायपाली बसना के बीच हत्या एवं लूट की घटना होने की ओर मुख्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

## 4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री मदन लाल त्यागी, सदस्य, जिला सीहोर के गंज क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रारम्भ कराये जाने के संबंध में 26 व्यक्तियों की याचिका प्रस्तुत करेंगे.

(2) श्री पुष्पराज सिंह, सदस्य, जिला रीवा के ग्राम कुल्लू, पोस्ट बिहरा के प्रायमरी स्कूल के भवन की मरम्मत करवाने के संबंध में 29 व्यक्तियों की याचिका प्रस्तुत करेंगे.

## 5. वन मंत्री का वक्तव्य

श्री निर्भय सिंह पटेल, वन मंत्री, प्रदेश के वनों की सुरक्षा के सम्बन्ध में वक्तव्य देंगे.

## 6. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री निर्भय सिंह पटेल, वन मंत्री, मध्यप्रदेश वन उपज (व्यापार विनियमन) संशोधन विधेयक, 1990 (क्रमांक 13 सन् 1990) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

| निर्धारित समय | |
|---|---|
| | **7. वर्ष 1990-91 की अनुदानों की मांगों पर मतदान (क्रमशः)** |
| 8 घन्टे (शेष 3 घन्टे 47 मिनट) | (1) मांग संख्या 1– सामान्य प्रशासन.<br>मांग संख्या 2– सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित अन्य व्यय.<br>मांग संख्या 3– पुलिस.<br>मांग संख्या 4– गृह विभाग से संबंधित अन्य व्यय.<br>मांग संख्या 56– कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण विभाग से संबंधित व्यय.<br>मांग संख्या 21– आवास एवं पर्यावरण विभाग से संबंधित व्यय.<br>मांग संख्या 22–स्थानीय शासन विभाग से संबंधित व्यय.<br>मांग संख्या 32– जनसंपर्क विभाग से संबंधित व्यय.<br>मांग संख्या 12– ऊर्जा विभाग से संबंधित व्यय.<br>मांग संख्या 26– संस्कृति विभाग से संबंधित व्यय.<br>मांग संख्या 36– परिवहन.<br>मांग संख्या 37– पर्यटन.<br>मांग संख्या 46—विज्ञान और टेक्नालाजी.<br>मांग संख्या 65—विमानन विभाग.<br>मांग संख्या 69–नगरीय कल्याण विभाग से संबंधित व्यय.<br>मांग संख्या 70—वित्त आयोग की अनुशंसाओं के अंतर्गत प्रशासन के स्तरों का उन्नयन-पुलिस.<br>मांग संख्या 73—वृक्षारोपण, वनीकरण, पर्यावरण एवं पड़त भूमि विकास से संबंधित व्यय. |
| 2 घन्टे | (2) मांग संख्या 24 लोक निर्माण कार्य—सड़कें और पुल<br>मांग संख्या 42 आदिवासी क्षेत्र उपयोजना से संबंधित लोक निर्माण कार्य—सड़कें और पुल.<br>मांग संख्या 67 लोक निर्माण कार्य—भवन.<br>मांग संख्या 68 आदिवासी क्षेत्र उपयोजना से संबंधित लोक निर्माण कार्य—भवन.<br>मांग संख्या 76 वित्त आयोग की अनुशंसा अन्तर्गत प्रशासन के स्तरों का उन्नयन—लोक निर्माण कार्य—भवन. |

भोपाल :
दिनांक 15 जुलाई, 1990.

विश्वेन्द्र मेहता
सचिव;
मध्यप्रदेश विधान सभा.